हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 16 नवंबर 2025

06 राष्ट्रवर्धन कॉन्वेंट स्कूल द्वारा वैदिक सम्मेलन...




09 जनजातीय समुदाय का कल्याण करने के लिए हमारी सरकार...







## समाचार संक्षेप

### तहसीलदार आरोन द्वारा तीन पटवारियों के विरुद्ध की अनुशासनात्मक कार्रवाई

**गुना ।** तहसीलदार आरोन द्वारा शासकीय कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने के कारण तीन पटवारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। पटवारी भागवत धाकड़, राधेश्याम ओझा और प्रेम नारायण मीणा के द्वारा सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य महत्वाक्रांक्षी योजनाओं जैसे जनसुनवाई, फार्मर आईडी सहित अन्य कार्यो में संतोषजनक प्रगति न पाए जाने तथा निर्देशों के उल्लंघन के फलस्वरूप, तहसीलदार आरोन ने पटवारियों का एक-एक दिवस का वेतन काटने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई राजस्व विभाग के कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है, ताकि जनता के कार्यों का त्वरित निराकरण हो सके। तहसीलदार ने सभी राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ करें, अन्यथा भविष्य में और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### "जनजाति कोई जाति नहीं, यह विभाजन की साज़िश"—विधायक पन्नालाल शाक्य

**गुना ।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि देश में अनुसूचित जाति, जनजाति, अगड़ा-पिछड़ा या सवर्ण-अवर्ण जैसी कोई



पहचान मूल रूप से मौजूद नहीं थी। उन्होंने इसे देश को बांटने की एक साज़िश बताया, जो अंग्रेजों के समय से समाज पर थोपी गई और आज तक जारी है। जिला पंचायत विश्राम गृह में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।विधायक शाक्य ने कहा कि पुराने समय में समाज की पहचान केवल नगरवासी, ग्रामवासी, वनवासी और गिरिवासी के रूप में होती थी, न कि किसी जाति के आधार पर। उन्होंने समाज में समरसता और एकता की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

### आज होगा महाराज का ससंघ भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह

**गुना।** पुण्य के प्रभाव से प्राप्त धन, संपदा और रुपया-पैसा तीन ही मार्गों से गुजरता है—या तो उसका दान किया जाए, या उसका उपभोग किया जाए, अन्यथा उसका नाश निश्चित है। यह प्रेरक



धर्मोपदेश इंद्र ध्वज विधान के अवसर पर मुनि श्री निर्भीक सागरजी महाराज तथा निर्यापक मुनिश्री योग सागर महाराज ने दिया। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष संजय जैन और मंत्री अनिल ने बताया कि रविवार को निर्यापक संत मुनिश्री योग सागरजी महाराज का ससंघ भव्य पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से आरंभ होगा।

### बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर मनाया बाल दिवस

**गुना।** माध्यमिक विद्यालय बड़ी मांगरोन में बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का का शुभारंभ बीएमओ डॉ. राजेश पुष्पक ने मां सरस्वती का पूजन कर किया गया । विद्यालय की शिक्षिका शोभना शाक्यवार और माध्यमिक शिक्षक भैरो सिंह शाक्यवार के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्र अध्यापिका प्रियंका गुर्जर एवं विद्यालय की बाल कैबिनेट के द्वारा समस्त अतिथियों एवं गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तदोपरांत डॉ अमित जायसवाल,डॉ. ज्योति मीना के दल द्वारा सभी को शुभकामनाएं प्रदान की एवं उपस्थित 60 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। नेत्र सहायक डी के बास्त्री ने बच्चों की नेत्रों की जांच कर नेत्र स्वस्थ रखने के उपाय बताएं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुश्री सविता जैन ने किया एवं आभार व्यक्त किया।

## पाकिस्तान बार्डर पर मिली राघौगढ़ से लापता हुई नाबालिग

### दो महीने पहले राघौगढ़ क्षेत्र से लापता हुई थी बालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दो महीने पहले राघौगढ़ थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका को पुलिस ने पाकिस्तान बार्डर के समीप से बरामद किया है। तमाम तकनीकी दुश्वारियों के बीच गुना पुलिस ने इस लड़की को जैसलमैर के ऐसे गांव से ढूंढ निकाला, जहां तक पहुंच पाना अन्य प्रांतों की पुलिस के लिए लगभग असंभव सा था। लापता लड़की का सुराग जुटाने के लिए पुलिस ने अपने तमाम तकनीकी संसाधनों को झोंक दिया, जिसके बाद उसकी सकुशल घर वापसी की राह तय हो गई। दो माह बाद जब परिजनों ने अपनी बेटी को वापस देखा, जो उनके आंखें भाव से भरकर नम हो गईं।

### 65 में से 37 अब भी लापता

एक नवंबर की स्थिति में 37 नाबालिग बालिकाएं अभी भी ऐसी हैं, जिन्हें गुना पुलिस को बरामद करना है। 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत अब तक 28 ऐसी बालिकाओं को बरामद कर लिया गया है, जो अलग-अलग कारणों से अपने घर से गायब हुई थीं। एसपी के अनुसार इन सभी बालिकाओं की पतारसी के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही सभी बालिकाओं को सकुशल उनके घर तक पहुंचा दिया जाएगा।



### इनका कहना है

बालिका तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल था। हमने हाल ही में ऐसा एडवांस टूल खरीदा है, जिसकी मदद से हम ऐसे लोगों तक आसानी से पहुंच जाते हैं, जो अपना मोबाइल एवं सिम बदल लेते हैं। इसी तकनीक की मदद से हम संबंधित तक पहुंच जाते हैं।

**-अंकित सोनी,** एसपी गुना।

### अब तक की सबसे बड़ी सफलता

इस बालिका की बरामदगी के बाद इसे 'ऑपरेशन मुस्कान' की अब तक की सबसे बड़ी सफलता माना जा रहा है। दो माह पहले राघौगढ़ थाना क्षेत्र से अपहरण कर ले जाई 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी को तकरीबन एक हजार किलोमीटर दूर जैसलमेर जिले में पाकिस्तान बॉर्डर के पास से सुरक्षित वापस लाना आसान नहीं था। एसपी अंकित सोनी ने खुद इस मामले को अपने हाथों में लिया और हाल ही में खरीदे गए अत्याधुनिक संसाधनों की मदद से लड़की को बरामद कर लिया गया।

### एक बेवसाइट ने दिखाई राह

गत 9 सितम्बर से गायब हुई इस 17 वर्षीय बालिका को बरामद करने के लिए एसपी अंकित सोनी ने अपने एडवांस टूल की मदद ली। उन्होंने सायबर सेल प्रभारी कुलदीप यादव को सारे काम छोड़कर इस बालिका की लोकेशन ट्रेस करने की जिम्मेदारी सौंप दी। दरअसल लड़की ने अपना मोबाइल और सिम दोनों बदल ली थीं, लिहाजा उसे ढूंढने में एसपी के एडवांस टूल ने अपना काम किया। बताया जाता है कि लड़की के अपने नए मोबाइल एक नंबर से एक बेवसाइड को सर्च किया था, जिसके बाद उसकी लोकेशन पुलिस तक पहुंच गई। पुलिस ने नाबालिग को सुरक्षित वापस लाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### मंडी के नाके पर तैनात तीन उपनिरीक्षकों को सात साल से तैनात कर रखा

## अंगद की तरह एक ही जगह पर जमे इंस्पेक्टर

### ड्यूटी बदलने की बजाय मंडी प्रबंधन ने सात साल से नहीं की बदली

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

हरिभूमि एक्सपोज

कृषि उपज मंडी नानाखेड़ी में अन्नदाताओं एवं उनकी उपज की सुरक्षा इन दिनों भगवान भरोसे है। हाल ही में किसान सोनू यादव की निमर्मता से की गई हत्या ने इस सवाल को और तूल दे दिया है कि लाखों रूपए की उपज लेकर जो किसान मंडी में आते हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिरकार किसकी है। मंडी में यूं तो एक उपनिरीक्षक एवं 12 सहायक उपनिरीक्षकों की तैनाती है, लेकिन इनका काम नीलामी अनुबंध पर्ची जारी करने के अलावा कुछ नजर नहीं आता। एकमात्र उपनिरीक्षक इन दिनों निलंबन काल से गुजर रहे हैं, लिहाजा सहायक उपनिरीक्षकों की मंडी में तैनाती है। सूत्र बताते हैं कि मंडी के नाके पर तैनात तीन उपनिरीक्षकों को सात साल से तैनात कर रखा है, जबकि नियमानुसार इनकी ड्यूटी में फेरबदल किया जाना चाहिए था।

### इन कर्मचारियों की नहीं हुई बदली

नानाखेड़ी मंडी प्रबंधन की कार्यशैली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिन तीन सहायक उपनिरीक्षकों की बदली समय-समय पर की जाना चाहिए थी, उन्हें अभयदान देकर सात वर्षों से मंडी नाके पर ही तैनात रखा गया है। इन कर्मचारियों में गुलाब सिंह रघुवंशी, अरविन्द रघुवंशी और रामकृष्ण लोधा शामिल हैं। शेष अन्य सहायक उपनिरीक्षक भी लंबे समय से नानाखेड़ी मंडी में तैनात हैं, जबकि नियमानुसार इनका भी स्थानांतरण किया जाना चाहिए था।



### किसान की हत्या के बाद खड़े हुए सवाल

हाल में आरोन क्षेत्र के एक किसान सोनू यादव की सरेआम हत्या कर दी गई थी। मंडी प्रबंधन को मारपीट की सूचना पहले ही मिल चुकी थी, लेकिन आपसी झगड़े जैसी स्थिति को मानकर उसने इस पूरे मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया। हालात यह हुए कि घायल अवस्था में किसान सोनू यादव पूरे समय मंडी प्रांगण में पड़ा रहा और नतीजतन उसकी मौत हो गई। इस पूरे मामले में मंडी प्रबंधन का तर्क है कि किसानों में आए दिन झगड़े होते रहते हैं, लिहाजा वह हर झगड़े में बीच-बचाव करने तो नहीं जा सकते।

### शाम ढलते ही शराबियों का जमघट

शाम ढलते ही मंडी प्रांगण में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है, जो बाहरी किसानों से अवैध रूप से वसूली भी करते नजर आते हैं। बताया जाता है कि कुछ बाहरी लोग यह भी तय करते हैं कि किस किसान की ट्राली कहां खड़ी होगी। सूत्र बताते हैं कि इसकी पूरी जानकारी मंडी प्रबंधन को भी है, लेकिन वह जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं करता। इतना ही नहीं शाम होते ही मंडी प्रांगण में शराबियों का जमावड़ा लग जाता है और खुलेआम यहां जाम झलकते देखे जा सकते हैं।

### आउटसोर्स पर 41 कर्मचारी तैनात

नानाखेड़ी मंडी में स्थाई कर्मचारियों के अलावा 41 आउटसोर्स कर्मचारी भी नियुक्त किए गए हैं, जिन पर मंडी की सुरक्षा का दायित्व है। बताया जाता है कि मंडी की सुरक्षा का जिम्मा उठाने वाली भोपाल की कृष्णा सिक्योरिटी एजेंसी ने तमाम ऐसे कर्मचारियों की भर्ती कर रखी है, जिनमें से अधिकतर कर्मचारी केवल कागजों पर मेहनताना ले रहे हैं। वहीं कई आउटसोर्स कर्मचारियों को अन्य विभागों में अटैच कर दिया गया है। यही कारण है कि एजेंसी भुगतान तो मंडी सुरक्षा का ले रही है, लेकिन उसकी कई कर्मचारी या तो मंडी आते ही नही है या फिर अन्य जगह अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### इनका कहना है

मंडी परिसर में सुरक्षा के इंतजामों को लेकर लगातार सजगता बरती जा रही है। आउटसोर्स कर्मचारी नियमित रुप से मंडी आ रहे हैं। मैं खुद इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हूं।

**-श्याम मीना,** सचिव नानाखेड़ी मंडी,गुना

## शिक्षा विभाग ऑफिस में खड़ी डीपीसी की गाड़ी में की गई तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शिक्षा विभाग ऑफिस में खड़ी डीपीसी की गाड़ी में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है।गाड़ी के शीशे फोड़ दिये, बताया गया है गाड़ी में तोड़फोड़ करने वाला व्यक्ति अज्ञात है, जबकि सूत्रों ने बताया कि शिक्षा विभाग का ही कर्मचारी है जिसमें शराब पीकर हंगामा किया और उसने चपरासी को भी पीटा। बहरहाल मामला जो भी हो अव जांच पड़ताल का विषय बन गया है। डीईओ कार्यालय के बाहर खड़े डीपीसी के शासकीय वाहन में तोड़फोड़ का मामला संवेदनशील हो गया है। इस आशय का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें डीईओ



कार्यालय के बाहर खड़े डीपीसी के वाहन के शीशे टूटे-फूटे दिख रहे हैं। मामले में सूत्रों का कहना है कि कार्यालय में पदस्थ किसी कर्मचारी द्वारा ही उक्त घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। गाड़ी को बहुत ही बुरी तरह से छतिग्रस्त किया गया है कि आगे, पीछे,अगल बगल के सारे कांच फोड़ दिये। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस घटना की शिकायत थाने में दर्ज कर दी गई है।

## 500 क्वार्टर अंग्रेजी व्हिस्की व 24 केन बीयर की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

**अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही, 85 हजार की अवैध मदिरा जब्त**



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में गुरूवार रात को आबकारी वृत्त गुना के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा मुखबीर सूचना पर शिवपुरी-गुना बायपास पर दबिश दी गई ।


बायपास पर एक लडक़ा कुछ बोरी एवं झोले में लिए खड़ा था। जब चेक किया तो उसमें 07 पेटी अंग्रेजी व्हिस्की मदिरा पायी गई जो की 350 नग 180 धारिता के पाए गए साथ ही एक केन 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा पायी गई द्य उक्त लडक़े ने अपना नाम रवि पुत्र मोहन सिंह धाकड़ उम्र-19 वर्ष निवासी विकास नगर गुना बताया द्य उसने बताया की यह मदिरा मैं एवं अविनाश कलावत एवं कैफ़े वाला सौरभ खटिक के साथ विक्रय करता हूँ द्य उसके कैफ़े पर जब तलाशी ली गई तो वंहा से 04 पेटी मदिरा जब्त की गई जो की 03 पेटी जीनियस व्हिस्की एवं 01 पेटी बीयर किंगफिशर पायी गई रवि धाकड़ के बताए अनुसार अविनाश कलावत एवं सौरभ खटिक एवं स्वयं रवि धाकड़ के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(ए),34(2) एवं प्रकरण पंजीबद्ध किया गया कुल कुल 11 पेटी (500 पाव अंग्रेजी एवं एक पेटी बीयर) एवं 10 लीटर भट्टी मदिरा जब्त की गयी। उक्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 85,000/- रुपये है।

उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, दिनेश राठौर, भारत भूषण शर्मा एवं महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं वर्मा एवं होमगार्ड सैनिक सुरेन्द्र राजपूत की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है ।

## आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सहायक प्रबंधक शहर मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि 33/11 केव्ही कुशमौदा सबस्टेशन पर पोस्ट मानसून मेंटनेस कार्य होने से 16 नवम्बर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पुराना औद्योगिक क्षेत्र, विध्यांचल कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी खेडापति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा एवं मारूति शोरूम के सामने, स्टार हॉपिटल, सहारा होटल, पुराना इंडस्ट्रियल ऐरिया, नई बस्ती कुशमोदा, कुशमोदा गांव, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल, गांधी नगर, पोल्ट्री फार्म, नया ओद्यौगिक क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी ।इसी प्रकार प्रबंधक कैंट जोन ने बताया कि 33/11 केव्ही कैंट मातापुरा सबस्टेशन मेंटनेस कार्य होने से दिनांक 16 नवम्बर 2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 04 बजे तक पटेल नगर, ढौगापुरा,



गुलाबगंज, खेजरा रोड़, कालापाठा, कैंट चौराहा, कैंट सब्जी बाजार, कांजी हाउस, तकिया मौहल्ला, पुलिस लाईन, सिविल लाईन एवं सदर बाजार आदि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाय़ा भी जा सकता है।

### पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह की सामाजिक समरसता यात्रा पहुंची गुना शहर

## बिहार की जनता ने नकारी जातिवाद की राजनीति: सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सामाजिक समरसता यात्रा पर निकले राजगढ़ के पूर्व सांसद एवं पूर्व चांचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह यात्रा लेकर गुना विधानसभा में पहुंचे हैं। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने यात्रा शुरू की।

इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि बिहार चुनावों के नतीजे बता रहे हैं कि बिहार ने जातिवाद से ऊपर उठकर उसके विरोध में वोट किया है, यही हमारी यात्रा का उद्देश्य है कि लोग जातिवाद से ऊपर उठें और पहले हम भारतीय हैं



इसके बारे में सोचकर सामाजिक समरसता के साथ कार्य करें। कांग्रेस और राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर कहा कि ये बकवास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ये दुर्भाग्य है कि जो बोलने वाला है उसे चुप करा दिया जाता है और जिसे चुप कराना चाहिए उसे बोलने दिया जाता है। पूर्व




प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह योग्य और विद्वान व्यक्ति थे, ऐसे कई योग्य नेता कांग्रेस में रहे और हैं, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जाता और जो बोल रहे हैं, उन्हें चुप नहीं कराया जाता, कांग्रेस की ये समस्या है। हालांकि उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि कांग्रेस और विपक्ष मजबूत हो, लोकतंत्र के लिए भी ये आवश्यक है।

### मुफ्त की योजनाओं पर भी खड़े किए सवाल

मुफ्त की योजनाओं पर लक्ष्मण सिंह ने भाजपा सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा कि ये पैसा खातों में डालकर वोट ले रहे हैं, ये लोकतंत्र और विकास के लिए सही नहीं है। महिलाओं को सीधे पैसा देने की जगह गांवों में महिलाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने पर सरकार को काम करना चाहिए, ये हजार, पंद्रहसो रुपए से कुछ नहीं होने वाला। लाड़ली बहनों को सरकार खाते में पैसा डाल रही है, जबकि दूसरी ओर कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं मिल रही है। मुफ्त की योजनाओं ने सरकार का खजाना खाली कर दिया है। और प्रदेश पर कर्ज बढ़ गया है।

## 7 आरोपियों को घटना के महज 6 घंटे में कर लिया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा अनिल करोसिया हत्या के मामले में घटना दिनांक से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है । 21 अगस्त की रात में नानाखेडी मंडी परिसर स्थित खाद्य वितरण केन्द्र के पास कुछ अज्ञात आरोपियों के द्वारा अनिल करोसिया निवासी कर्नेलगंज गुना की हत्या की गई थी । इस घटना पर से कैंट थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था । तत्समय प्रकरण में पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही कर शीघ्र ही घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात सभी 08 आरोपियों की पहचान कर ली गई और घटना के महज 06 घंटे के भीतर ही 07 आरोपियों 1-अंकित कुशवाह, 2-कल्लू उर्फ रोहित कुशवाह, 3-गज्जू उर्फ गजाधर कुशवाह, 4-अभिषेक उर्फ टिंगा केवट, 5-कपिल सगर, 6-चिन्नू उर्फ गर्वित जाटव एवं 7- ललित उर्फ गच्छा चंदेल निवासीगण कर्नेलगंज गुना को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया गया था ।

## समाचार संक्षेप

### श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव पर भव्य पालकी यात्रा व भक्तिमय भजन संध्या का आयोजन

**आरोन।** श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में "करने वाला श्याम और कराने वाला श्याम" समिति द्वारा द्वितीय वर्ष पर भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। बाबा खाटू श्याम की पालकी यात्रा सुबह 11 बजे श्री संकादिक आश्रम से प्रारंभ हुई, जो पुराना बस स्टैंड, स्टेट बैंक चौराहा, मेन मार्केट, दास हनुमान चौराहा, नेहरू पार्क एवं अशोक नगर रोड होते हुए पुराना गल्ला मंडी पहुंची, जहां महाआरती संपन्न हुई। यात्रा के दौरान नगर,के श्याम प्रेमियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा रंगोली एवं आरती की गई औरभक्ति के जयकारों से गुंजायमान रहा और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्याम भक्तों ने खाटू श्याम के भजनों की अमृतवर्षा में डुबकी लगाई। भजन सम्राटों द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम का आकर्षक एवं अलौकिक श्रृंगार, दिव्य दरबार सजावट, अखंड ज्योत प्रज्वलन तथा 56 भोग का भव्य प्रसाद लगाया गया।कार्यक्रम पुराना गल्ला मंडी, आरोन में संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमते हुए आनंद व धर्मलाभ अर्जित किया।



### करणी सेना परिवार ब्लॉक आरोन की बैठक संपन्न, पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित

**आरोन।** दिन गुरुवार को करणी सेना परिवार ब्लॉक आरोन की राजपूत समाज की बैठक का आयोजन बृजेंद्र सिंह सिकरवार (पार्षद) के निवास प्रताप पैलेस पर किया गया।इस अवसर पर करणी सेना परिवार के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए और उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, संजीव सिंह तोमर एवं विशाल सिंह राजपूत उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आरोन क्षेत्र के राजपूत समाज के अनेक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस अवसर पर संगठन की नई टीम का गठन किया गया —तहसील ब्लॉक अध्यक्षः गिर्राज सिंह सोलंकीतहसील कार्यकारी अध्यक्षः राजेंद्र सिंह सोलंकीनगर कार्यकारी अध्यक्षः लक्ष्मण सिंह गौरतहसील उपाध्यक्षः गोलू सेंगर, अमित गौर, अमितेंद्र सिंह राजावततहसील प्रभारीः भानु प्रताप सोलंकीतहसील ब्लॉक मीडिया प्रभारीः उदयभान सिंह गौर बंटी राजपूतकार्यक्रम का संचालन राजपूत समाज के अध्यक्ष जय प्रकाश तोमर द्वारा किया गया।कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और संगठन के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट झलकी।



### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हुई संगोष्ठी

**राघौगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति द्वारा रामनगर रोड पाटई स्थित सबरी आश्रम पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम रखा गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में परिषद की जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन वृत्त पर चर्चा कर उनके द्वारा समाज हेतु किए गए उल्लेखनीय कार्यों से सदन को अवगत कराया गया। ब्लॉक समन्वयक लोकेन्द्र सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि बिरसा मुंडा जी आदिवासी समाज के मसीहा थे । जिला पंचायत सदस्य पंचम सिंह भील ने कहा आदिवासियों के मसीहा भगवान बिरसा मुंडा जी इतिहास, आदिवासी संस्कृति, आदि विषयों को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर नवांकुर संस्था सचिव सुरेश केवट, परामर्शदाता दीपक श्रीवास्तव महेश कुमार शर्मा एवं आदिवासी युवा उपस्थित रहे।



# राष्ट्रवर्धन कॉन्वेंट स्कूल द्वारा वैदिक सम्मेलन संदेश यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

आचार्य वाचस्पति शुक्ल संस्कृत वेद विद्यालय आवन में होने वाले त्रि दिवसीय वैदिक सम्मेलन की वेद संदेश यात्रा का स्वागत किया गया, जिसमें छात्र/ छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य योगेश भारद्वाज और शिक्षकों ने वेद संदेश यात्रा में वेदों का पूजन अर्चन किया और सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया।स्वागत समारोह में छात्र/ छात्राओं ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ वेद संदेश यात्रा के सदस्यों को पुष्पमाला पहनाई ओर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि वेद संदेश यात्रा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और वेदों के महत्व को बढ़ावा देना है हमें वेदों की ओर लौटना चाहिए।बच्चों को दिए अपने संबोधन में कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को वेदों के महत्व और भारतीय संस्कृति के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वेद संदेश यात्रा वेदों के महत्व और भारतीय संस्कृति की जानकारी देना है उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक महेश प्रसाद भारद्वाज ,(रिटायर्ड प्रधानाध्यापक) विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष भूपेश भारद्वाज, कोषाध्यक्ष हेमंत भारद्वाज (एडवोकेट,) अखिलेश भारद्वाज, मंजू साहू , नीलम वास्त्री, प्रीति पटवा, गायत्री वास्त्री, नीलम परिहार, ओम प्रकाश कोरी, भानू चौहान, विजय महावर के साथ-साथ समस्त विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहे।




# सेंटजॉर्ज हायर सेकंडरी विद्यालय में बाल दिवस बच्चों ने लगाया आकर्षक मेला




हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगर में स्थित सेंटजॉर्ज हा.से. विद्यालय में सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला लगाया गया,जो खासा आकर्षण का केंद्र रहा।।विद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस मेले में तरह तरह के स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल लगाए,साथ ही बच्चों को लुभाने वाले आकर्षक मनोरंजक खेल भी मेले में देखने को मिले।।मेले की खास बात यह थी की प्रत्येक स्टॉल को एक विशेष नाम दिया गया था,सभी स्टॉल ने बच्चों और अभिभावकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।उपरोक्त सृजनात्कमकता में विद्यालय के शिक्षकों का मार्गदर्शन महत्पूर्ण रहा।।इसके पूर्व विद्यालय के प्राचार्य श्री शिवकुमार सक्सेना एवम- विद्यालय प्रबंधन से श्री केशव यादव ,दिनेश यादव ने नन्हें मुन्ने बच्चों एवम अभिभावकों के साथ फीता काट कर मेले का शुभारंभ किया।ज्ञात हो सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है,जिसका प्रमुख उद्देश छात्रों को स्वाबलम्वी बनाना एवम उनमें रचनात्मक कौशल विकसित करना है।क्योंकि बच्चे ही आने वाले भारत का भविष्य हैं। अतः बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाने की ओर प्रेरित करना चाहिए।।मेले के समापन पश्चात विद्यालय केसभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा शुभकामनाएं दी गई,एवम उजव्वल भविष्य की कामना की।

## जनजातीय गौरव दिवस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जन्म दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी गुना के अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी गुना के तत्वावधान में जिला सम्पर्क कार्यालय गायत्री मंदिर के सामने जनजातीय के गौरव महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा जी के चित्र पर कांग्रेस जनों ने उनके जन्म दिवस पर माल्यार्पण जन्मदिन मनाया ।इस अवसर पर कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयवर्गीय, रमेश सेंड़ो,पंकज कनेरिया, गोपाल शर्मा,रणवीर सिंह कुशवाह, रामप्रकाश धाकड़, ओमप्रकाश शर्मा, प्रकाश चौधरी, प्रमोद रघुवंशी, तरण सेन पार्षद , प्रमोद रघुवंशी युवा कांग्रेस, शिवलाल नायक,उमांशकर शर्मा,असीम भटनागर,लखन गिरी, आशीष जैन, अशोक जाटव, राकेश सहदेव बाल्मीकि, प्रतीक कपूर, वीरेंद्र ओझा,आर्यन सेंड़ो, संजय जाटव, नबल दामले, करण जाटव आदि उपस्थित थे ।



# पेंशनर संघ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

भारतीय स्टेट बैंक शाखा आरोन में पेंशनरों की बैठक शुक्रवार को मुख्य शाखा प्रबंधक भारत सिंह गोयल की अध्यक्षता मे बैंक परिसर में शाखा प्रबंधक द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें आरोन के दूर दराज के इलाकों से आये हुए पेंशनरों की उपस्थिति रही सर्व प्रथम सभी पेंशनरों का स्वागत बैंक प्रबंधक द्वारा किया गया । पेंशन संघ, आरोन के अध्यक्ष, बिष्णु प्रसाद दुबे पेंशन संघ के सचिव कमर लाल बुनकर तथा काफी संख्या में पेंशनरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, पेंशनरों की बैठक के मुख्य उद्देष्य तथा निमन बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई । डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करना । डिजिटल फ्रॉड के बारे में चर्चा तथा रोकथम के उपाय । सावधि जमा तथा आवर्ती जमा पर विशेष व्याज ,पेंशनर्स को आसनी से लोन एवं बीमा की सुविधा । के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई । इसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे छगन लाल तिवारी . श्यामवावू श्रीवास्तव,. रमेशबाबू झा , गोविन्द प्रसाद शर्मा , विजयसिंह टांडेल, सेवाराम नौरोजी , वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी , यशपाल टांडेल ,राजेन्द्र जैन,पूरन चंद्र शिवहरे रामबाबू सोनी आदि पेंशनर उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन रूप सिंह तोमर द्वारा किया गया । अंत में शाखा प्रबंधक द्वारा सभी आगंतुकों को उपहार भेंटकर आभार व्यक्त किया।




# नेहरू जयंती पर कांग्रेस जनों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन के नेतृत्व में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। प्रातः 9:30 बजे कांग्रेसजन नेहरू बाल उद्यान पहुंचे और नेहरू जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेसजनों ने नेहरू जी के विचारों, उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक कार्यों को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन ने नगर विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण घोषणा की।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा संचालित विकास कार्यों के अंतर्गत परिषद में एक नया प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसके अनुसार नगर के प्रमुख कॉम्प्लेक्सों का नामकरण देश के शहीद बलिदानी वीरों एवं आरोन वासियों की आस्था के प्रमुख केंद्र श्रीदास हनुमान मंदिर के नाम पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम शहीदों का सम्मान बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को मजबूती प्रदान करेगा।अन्य वक्ताओं ने भी पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व, उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक भारत की आधारशिला रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू जी की नीतियों और विचारों ने भारत को एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र बनने की दिशा दी।कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित रामबाबू शर्मा, विष्णु प्रसाद दुबे, हरवीर देवरी, पार्षद मूलचंद भोरे, राजाराम रघुवंशी, अरविंद श्रीवास्तव, हरवीर रघुवंशी, हीरालाल अहिरवार, युवराज शर्मा, मुकेश पटेल, अजय दुबे, रघुवीर ग्वाल, रविंद्र रघुवंशी, तीर्थ ठेकेदार, प्रवेश रघुवंशी, कमल प्रजापति, अरविंद साहू, बंटी राजपूत, सोनू ग्वाल, लखन ग्वाल, विनय शर्मा, घनश्याम शर्मा, अनिल बंशकार, राम सिंह अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।नेहरू जयंती का यह कार्यक्रम कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार करते हुए नेहरू जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रेरणा देकर संपन्न हुआ।



# ब्लू चिप पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बाल मेला लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में विधिक सेवा सप्ताह 2025 (न्यायोत्सव) के अंतर्गत बाल अधिकार पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम व बाल मेले का आयोजन ब्लू चिप पब्लिक स्कूल किया गया। जिसमें बच्चों ने पोस्टर, स्लोगन, भाषण, फैंसी ड्रेस, निबंध आदि प्रतियोगिताओं में पूरे हर्ष उल्लास के साथ भाग ले कर सराहनीय प्रदर्शन किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डिप्टी चीफ विष्णु विरथरे (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय अशोकनगर) अभिषेक यादव, देवेंद्र सिंह दांगी एवं कृष्णमोहन दुबे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बाल दिवस के उपलक्ष्य में चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला एवं बच्चों को उनके कानूनी बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दे कर उन्हें जागरूक किया। बाल मेले में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के आकर्षक फूड स्टॉल लगाए गए। इससे बच्चों को खाने-पीने की चीजें बनाने का हुनर, सृजनशीलता, व्यवसायिक समझ (जैसे कि लागत, मुनाफा, और ग्राहक सेवा), और टीम वर्क जैसे कई कौशल सीखने को मिले। इस मौके पर अभिभावकों, शिक्षकों एवं अन्य सभी बच्चों ने जम कर खरीदी की एवं विभिन्न व्यंजनों के स्वाद का आनंद लिया।



# ग्राम करैया बनेट में हुए जघन्य हत्याकांड में 4 किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना कचनार के ग्राम करैया बनेट में 12 नवंबर को एक ही परिवार के दो पक्षों में जमीन व फसल बोने संबंधी विवाद पर से खूनी मारपीट हुई थी, जिसमें तीन लोगों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी, उक्त जघन्य हत्याकांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी थी, उक्त घटना पर से थाना कचनार में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक दूसरे के विरूद्ध हत्या, हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए थे। उक्त घटनाक्रम में पुलिस ने आरोपीगण राजमहेन्द्र सिंह यादव पुत्र खिलन सिंह यादव, धर्मवीर पुत्र राजमहेन्द्र यादव एवं राजवीर उर्फ मोनू पुत्र राजमहेन्द्र यादव निवासीगण ग्राम करैया बनेट को तथा आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ कल्ला पुत्र सोदान सिंह यादव निवासी ग्राम नाऊखेड़ा थाना मुगलसरांय जिला विदिशा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने हथियार भी जप्त किए है।



# शहर में असुरक्षित दिशा में वाहन खड़े करने वाले चालकों पर यातायात पुलिस

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर विशेष चैकिंग अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर एवं सूबेदार संतोष शर्मा द्वारा यातायात पुलिस के बल ने ट्रकों एवं भारी वाहनों की व्यापक जांच की। चैकिंग के दौरान पार्किंग नियमों के उल्लंघन पर विशेष ध्यान दिया गया। चैंकिंग के दौरान यह पाया गया कि कई वाहन चालक सड़क किनारे असुरक्षित दिशा में अपने वाहन खड़े कर न केवल यातायात अवरुद्ध कर रहे थे बल्कि दुर्घटना होने की संभावना भी बढ़ा रहे थे। ऐसे पाँच वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 126/177 के तहत चालानी कार्यवाही कर 2500 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

सभी चालकों को भविष्य में वाहनों को निर्धारित एवं सुरक्षित दिशा में ही पार्क करने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा सार्वजनिक मार्गों पर अनावश्यक रूप से अवरोध न उत्पन्न करने की कड़ी समझाइश भी दी। उन्हें यह भी बताया गया कि असुरक्षित तरीके से वाहन खड़ा करना सड़क सुरक्षा के नियमों का गंभीर उल्लंघन है, जिससे स्वयं चालक सहित अन्य राहगीरों के लिए खतरा उत्पन्न होता है। यातायात पुलिस द्वारा शहर में नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध इसी प्रकार की प्रभावी चालानी कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और आम नागरिकों को निर्बाध एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो सके।



# आराध्या चैधरी का 9वां जन्मदिन छात्रावास के बच्चों के साथ




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आराध्या चैधरी के नौवें जन्मदिन के अवसर पर एक प्रेरणादायी और मानवता से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सी.डब्ल्यू, एस.एन छात्रावास में किया गया। विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर परिवार ने सामाजिक संवेदनशीलता एवं सेवा-समर्पण का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को रुचिकर तिथि भोजन करवाया गया, जिसे सभी बच्चों ने अत्यंत उत्साह और खुशी के साथ ग्रहण किया। साथ ही बच्चों को उपहारस्वरूप पेन, पेंसिल एवं पुस्तकें प्रदान की गईं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा और उनके चेहरे पर मुस्कान खिल उठी।

इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा एवं पूर्व बीआरसीसी वनोद सिहारे ने विशेष रूप से उपस्थित होकर आराध्या को आशीर्वाद एवं जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं। आराध्या के माता-पिता भावना चैधरी एवं एपीसी अभिषेक चैधरी, भाई काव्य चैधरी, तथा छात्रावास का समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में शामिल रहा और सभी ने मिलकर बच्चों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खुशी बाँटना और समाज में समावेशी सोच को प्रोत्साहित करना था, जो पूरी तरह सफल रहा।

## तीन प्रश्नों को विधानसभा में लगाया है


# पलकाटोरी औद्योगिक क्षेत्र मे अवैध उत्खनन पर विधायक ने शासन से विधानसभा में जानकारी मांगी

**लीज निरस्त करने, सड़क निर्माण को लेकर पेड़ काटे जाने और खेत तालाब योजना को लेकर जानकारी चाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने आगामी शीतकालीन सत्र में आमजनों की समस्या से जुड़े 3 प्रश्नों को विधानसभा में लगाया है। इन प्रश्नों के माध्यम से विधायक ने पूछा है कि शासन क्या कार्रवाई कर रहा है। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र पलकाटोरी के भूखण्डों की लीज निरस्त करने, सड़क निर्माण को लेकर पेड़ काटे जाने और खेत तालाब योजना को लेकर जानकारी चाही है।

अशोकनगर के पलकाटोरी में उधोग स्थापित न करने के कारण 28 भूखण्डों की लीज निरस्त की गई है क्या यह कार्यवाही सही है किन्हे यह भूखण्ड प्रदान किए गए थे क्या पूर्व में नोटिस दिए गए थे। क्या उक्त आरक्षित भूमि पर अवैध उत्खनन कर खनन माफियाओं द्वारा गहरी खाईयां खोद दी गई हैं। क्या उन खनन माफियाओं पर कोई कार्यवाही की गई है। खनन माफियाओं द्वारा भूमि का उत्खनन किए जाने की सजा भूखण्ड प्राप्त करने वालों को क्यो दी गई है।



### खेतों को मुख्य सड़क से जोड़ने के संबंध में कहा

विधायक ने पंचायत मंत्री से खेतों को मुख्य सड़क से जोड़ने के संबंध में जानकारी चाही है कि राज्य शासन द्वारा किसानो के खेतो तक पहुंचने हेतु खेत सड़क योजना बन्द कर दी गई है यदि हां तो कृपया यह वताने की कृपा करें कि उक्त योजना बन्द करने का क्या कारण है। यदि नहीं तो इस योजना हेतु बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया है। क्या शासन इसके स्थान पर कोई नई योजना बना रहा है।

### बिना अनुमति के पारसौल राजघाट सड़क निर्माण में वृक्षों को किस आधार पर काटा गया

विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने क्षेत्र के नागरिकों की शिकायत मिलने के बाद पर्यावरण मंत्री से जानकारी चाही है कि उनकी विधानसभा के अंतर्गत बिना अनुमति के पारसौल राजघाट सड़क निर्माण में वृक्षों को किस आधार पर काटा गया है और अधिकारी मौन हैं। बिना अनुमति के कितने वृक्ष काटे गए और वृक्ष काटने पर क्या जुर्माना लगाया गया है। काटे गए वृक्षों के अनुपात में निर्माण एजेंसी द्वारा कितने वृक्ष लगाए जाने का अनुबंध किया गया है।

# मतदान केंद्रों पर नगर पालिका ने चलाया जागरूकता अभियान

**अशोकनगर।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर में एस आई आर का कार्य चल रहा है। जिसके अंतर्गत बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर विशेष मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। एस.आई.आर. कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नगर पालिका द्वारा शहरी क्षेत्र में सभी मतदान केदों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अशोक नगर गोराघाट स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 95 पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान केंद्र पर दीप प्रज्वलित कर मतदाताओं को विशेष कर महिला मतदाताओं को जागरूक किए जाने हेतु आयोजन किया गया। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा मतदाताओं से घर घर आ रहे। बी एल ओ को जानकारी देकर सहयोग प्रदान करने एवं मतदाताओं द्वारा स्वयं ही फॉर्म भरे जाने के संबंध में अपील की गई ।



## खबर संक्षेप

### रघुवंशी ट्रस्ट गुना अशोकनगर आमसभा की बैठक आज

**अशोकनगर।** रघुवंशी ट्रस्ट गुना अशोकनगर आम सभा की बैठक आज आयोजित की गई है। इसमें संरक्षक ट्रस्टी एवं आजीवन सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। इसमें अयोध्या एवं वृंदावन धर्मशाला का आय-व्यय प्रस्तुत किया जाएगा। अयोध्या धर्मशाला का नवनिर्माण होना है इसके लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। और अयोध्या यज्ञ की जो धन राशि जिला गुना -अशोकनगर- छिंदवाड़ा और विदिशा जिले के सदस्यों के पास है। उस राशि को किस तरह से अयोध्या की धर्मशाला में लगाया जाए, इस पर विचार विमर्श होना है। नई सदस्यता अभियान चलाना है इन सब विषयों पर विचार विमर्श करने के लिए सभी ट्रस्टी संरक्षक ट्रस्टी और आजीवन सदस्य सादर आमंत्रित है। जानकारी अध्यक्ष सीपी रघुवंशी बगुल्या एवं सचिव-माधव सिंह रघुवंशी करैया ने दी है।

### मारपीट की घटनाओं के मामले किए दर्ज



**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी अख्तर कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सज्जू बाबा, वाजिद कुरैशी, और गज्जू कुरैशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से वाजिद कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फिरोज, अख्तर, सोहिल और शाहरूख कुरैशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बारमहू निवासी पूजा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककराई निवासी देवेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संतकुमार अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोंधन निवासी श्यामलाल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला पिपरई निवासी अंकेश पुत्र रामसिंह आदिवासी उम्र 24 साल ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस मर्ग दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

# जनजातीय समुदाय का कल्याण करने के लिए हमारी सरकार है प्रतिबद्ध : विधायक बृजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिये केन्द्र एंव राज्य सरकार प्रतिवद्ध है। जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिये विभिन्न संचालित कर उनके जीवन को मुख्य धारा से जोडने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे है। इस आशय के विचार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के सभागार में धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन अवसर पर व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण पर किया गया।

कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश सहित जिला,ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री के आव्हान पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिये अपने प्रांण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद भगवान विरसा मुंडा जनजातीय समुदाय के लिये मार्गदर्शक बने।

हम सभी को उनके आर्दशो को अपने जीवन में आत्मसात कर आगे बढे। आने वाली पीढी को बेहतर शिक्षा दिलाये। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। अंग्रेजों ने आदिवासियों का धर्म परिवर्तन कराना चाहा, जिसका बिरसा मुंडा ने कड़ा विरोध किया। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि देश की आजादी के लिये आदिवासी नायकों का योगदान सर्वोपरि है। भगवान विरसा मुंडा जी ने आदिवासी समाज के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्होंने क्रांतिकारी के रूप में अपने जीवन को समर्पित किया था। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य घूमन सिंह आदिवासी ने कहा कि पहले आदिवासी समाज के लोग छिपकर बिरसा मुंडा जयंती मनाते थे। प्रधानमंत्री की पहल से अब उन्हें सार्वजनिक रूप से यह जयंती मनाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज बहुत मेहनती है और उनकी मेहनत हर इमारत में लगी है। उन्होंने कहा कि पहले आदिवासियों की बस्तियों की पहचान झोपड़ियों पर डली काली तिरपाल से होती थी, लेकिन अब प्रधानमंत्री की देन है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर पक्के घरों में रह रहे हैं। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने आदिवासी लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। मंच पर आदिवासी लोक कलाकारों ने भी परंपरा के गीतों का प्रदर्शन किया।

### हितलाभ का वितरण

कार्यक्रम में आदिवासी मेधावी छात्र/छात्राओं को अतिथियों द्वारा मेंडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रा भाग्य आदिवासी,राशि, शिवराम, रवि, सीताएवं गायत्री आदिवासी को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लाभार्थी हितग्राही राजाराम तथा नरेन्द्र आदिवासी को अतिथियों द्वारा आवास की चॉबी सौपी गई। उद्यानिक विभाग द्वारा ग्राम वेहरी की चंदा सेहरिया को प्रधानमंत्री खाद सूक्ष्म उन्नयन योजनांतर्गत ऑइल मिल हेतु 06 लाख 40 रूपये का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान देवी सिंह आदिवासी को वनाधिकार का पट्टा सौपा गया।

# किसान ने शाम को लगाए कैमरे रात में धान की चोरी करते कैद हुआ युवक, पुलिस ने जेल भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर थाना क्षेत्र के गीलारोपा गांव में एक युवक धान की चोरी करते हुए पकड़ाया है। जिसे पुलिस ने 151 की क़ायमी कर जेल भेज दिया है।

बताया गया है कि गीलारोपा निवासी श्रीराम पटेल बड़े किसान हैं। उनकी जमीन में करीब एक हजार क्विंटल धान का उत्पादन हुआ है। यह धान किसान के घर के आगे मैदान में फैलाकर सूखने के लिए करीब पंद्रह से रखी है। बीते कुछ दिनों से धान के ढेरियों में से चोरी का संदेह किसान को हो रहा था। ऐसे में किसान ने बीते शुक्रवार को सीसीटीवी कैमरे लगवाए। शाम को टेक्नीशियन कैमरे लगा कर गया। रात में एक युवक आया और धान की ढेरियों में से बोरियां भर कर ले गया। यह घटना कैमरे में कैद हो गई। किसान ने सुबह कैमरे चेक किए तो यह घटना दिखाई दी। युवक की पहचान प्रीतम पुत्र रामकिशन अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी गीलारोपा के तौर पर हुई। जिसे किसान और उसके परिजन पकड़ कर पुलिस थाने ले गए। जहां पुलिस ने युवक पर 151 कायम कर मुंगावली एसडीएम कार्यालय भेजा। जहां से युवक को जेल भेज दिया गया है। किसान का कहना है कि शुक्रवार रात को करीब डेढ़ दो क्विंटल धान चोरी हुई है। उन्हें शक है कि युवक लगातार धान चोरी कर रहा था। जिससे और पूछताछ होनी चाहिए।

# 5 निलंबित, 6 को नोटिस और 2 की वेतनवृद्धि रोकने के आदेश किए जारी

### कलेक्टरों ने मातहतों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा किए गए भ्रमण के दौरान शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने तथा पदीय कतर्तव्यों के निर्वहन में कमियां मिलने पर 5 शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर निलबंन की कार्यवाही की गई है और 6 को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं।

### इन पर की गई निलंबन की कार्रवाई

जारी आदेश अनुसार शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम जारसल चक्क तहसील चंदेरी के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन चूल्हे पर बनने की शिकायत पर सी.ए.सी. जनपद शिक्षा केन्द्र चंदेरी अशोक ओझा तथा बी.ए.सी. जनपद शिक्षा केन्द्र चंदेरी राम सिंह लोधी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम पंचायत पंचायत डुंगासरा के सचिव सत्यपाल सिंह पंवार को अपने मुख्यालय पर अनुपस्थित मिलने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। तहसील चंदेरी के ग्राम जारसल एवं जारसल चक्क में आंगनवाडी के बच्चों को समय पर नाश्ता न मिलने तथा आंगनवाडी केन्द्र समय पर नहीं खुलने पर पर्यवेक्षक सदमा बानो को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### पटवारी एवं पंचायत सचिव की दो वेतन वृद्धि रोकने के आदेश

इसी प्रकार जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम जारसल चक्क के पटवारी कुलदीप सोलंकी अपने नियत मुख्यालय से अनुपस्थित मिलने पर 02 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई हैं। जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम जारसल के सचिव राजेन्द्र सिंह नियत मुख्यालय से अनुपस्थित मिलने पर 02 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई हैं।

### 6 अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

इसी प्रकार विकासखण्ड चंदेरी बी.एम.ओं प्रशांत दुबे को तहसील चंदेरी ग्राम थूबोन का उपस्वास्थ्य केन्द्र बंद पाये जाने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंदेरी सुरभि जैन को तहसील चंदेरी के ग्राम डुंगासरा का माध्यमिक विद्यालय बंद पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम जारसल आंगनवाडी केन्द्र की आंगनवाडी कार्यकर्ता ममता लोधी को अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तहसील चंदेरी के ग्राम जारसल चक्क एवं ग्राम डुंगासरा के विद्यालयों में गैस चूल्हा उपलब्ध न होने के कारण मिट्टी के चूल्हे पर मध्यान्ह भोजन तैयार किए जाने पर विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक चंदेरी वेद प्रकाश गोयल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तहसील चंदेरी के ग्राम जारसल एवं ग्राम डुंगासरा की आंगनवाडी कार्यकर्ता अनुपस्थित मिलने, बच्चों की उपस्थिति कम मिलने तथा नाश्ता भी समय पर बच्चों को उपलब्ध नहीं कराए जाने पर प्रभारी परियोजना अधिकारी चंदेरी मिथलेश रैकवार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। साथ ही आंगनवाडी केन्द्र डुंगासरा की आंगनवाडी कार्यकर्ता सुनीता बाई अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।



# डिप्टी कलेक्टर बनने के बाद पहली बार क्षेत्र में आईं मोना दांगी

**अशोकनगर।** बहादुरपुर क्षेत्र के इकोदिया गांव की मोना दांगी बीते दिनों मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा घोषित 2023 के परिणामों में 12वीं रैंक प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर बनी हैं। इससे पहले 2022 के परिणामों में सफलता हासिल कर वाणिज्यकर अधिकारी का पद पर उनका चयन हुआ था। मोना परिणामों के बाद पहली बार शुक्रवार को क्षेत्र में आईं। जहां कुकावली, सुमेर, बहादुरपुर, बंगला चैराहा, बरखेड़ा जमाल और गृहग्राम इकोदिया में उनका स्वागत किया गया। बहादुरपुर में वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं से रूबरू हुईं। उन्होंने छात्र छात्राओं से अपनी पढ़ाई के अनुभव बांटे और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि अभी हमारे क्षेत्र से गिनती के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं, जबकि शिक्षा के लिए बेहतर माहौल तैयार हुआ है। अब मोबाइल और लैपटॉप के जरिए शिक्षा आपके द्वार पर आ चुकी है। आप इंटरनेट का अनावश्यक उपयोग न करते हुए पढ़ाई में उसका उपयोग करें। इस दौरान छात्र छात्राओं ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। बंगला चैराहा से बरखेड़ा जमाल होते हुए इकोदिया तक उनके स्वागत में एक रैली निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन, ग्रामीण मौजूद रहे।

**छात्र छात्राओं के साथ बांटे अनुभव, दी आगे निकलने की प्रेरणा**

# खोपरा में जल संकट, हैंडपंप पर कतारें, तहसील में भी पानी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे की पठारी भूमि पर बसे खोपरा गांव में सर्दियों के दस्तक देते ही जलसंकट गहराने लगा है। शनिवार को मुख्य मार्ग से नजदीक लगे एक हैंडपंप पर पानी लेने के लिए ग्रामीण अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कोई साइकिल पर कैन टांगकर ले जा रहा था तो किसी ने लकड़ी की एक जुगाड़ गाड़ी बना रखी थी। आसपास रखी गुमठियों पर बैठे लोगों ने बताया कि बरसात बंद होते ही पानी की किल्लत अपना असर बताने लगती है। बरसात में तो यहां जमीन में से सोते फूटते हैं लेकिन बरसात बंद होने के साथ ही पानी पाताल चला जाता है। इस गांव में चार बस्तियां हैं। जिनमें से एक आदिवासी बस्ती है। आदिवासी बस्ती में तीन हैंडपंप है, शेष गांव में 5। इन सभी में से 5 हैंडपंप चालू स्थिति में हैं। इन 5 में से भी मीठे पानी के केवल 2 हैंडपंप हैं। जिन पर भीड़ रहती है।

**आदिवासी बस्ती में सुधरवा दीजिए हैंडपंप** राजघाट जलप्रदाय योजना के तहत गांव में एक पानी की टंकी खड़ी होनी है। जिसका निर्माण कार्य अभी प्रारम्भिक चरण में है। ग्राम पंचायत सचिव ओमकार सिंह बागड़ी बताते हैं कि अभी आदिवासी बस्ती के हैंडपंप सुधरवा दिए हैं। पानी की किल्लत की प्रमुख वजह वह पठार बताते हैं। उनका कहना है कि पानी की टंकी बनने के बाद जब पूरे गांव में पाइप लाइन बिछ जाएगी तब जरूर जलसंकट का स्थाई हल हो जाएगा।

**तहसील कार्यालय में पानी नहीं, प्रसाधनों में गंदगी जमा** बहादुरपुर से पूर्व दिशा में कैथन नदी के पार खोपरा गांव है। यह गांव बहादुरपुर से सटा हुआ है, इसलिए कुछ वर्षों पहले जब बहादुरपुर में तहसील भवन निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि नहीं मिली तो इस कार्यालय का निर्माण खोपरा में किया है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान तो पहुंचते ही हैं। साथ ही आधा सैकड़ा से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों का प्रतिदिन आना होता है। सुचारू चल रहे तहसील के कामकाज में पेयजल समस्या इन दिनों काफी अखर रही है। तहसील भवन में पीने के लिए पानी नहीं है। सभी पटवारी अपने साथ पानी की बोतलें लेकर आते हैं तो चैकीदारों ने दो कैम्पर किसानों की सुविधा के लिए रखे हैं। जिनका पानी दोपहर में ही खत्म हो जाता है। चैकीदारों का कहना है कि तहसील परिसर में लगे नलकूप में पानी बेहद कम है। महज पांच मिनट चलने के बाद ही पानी बंद हो जाता है। जिससे भवन के छत पर रखी टंकियों में पानी नहीं पहुंच पा रहा। यही वजह है कि तहसील भवन के मूत्रालय और शौचालय गंदगी से भरे पड़े हैं। पानी की आपूर्ति नहीं होने से इनमें नियमित सफाई नहीं हो पा रही।

# शामावि ढाकोनी में चित्रकला व दौड़ का आयोजन कर बच्चों को किया पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा ग्राम पंचायत कुलवार के ग्राम देवगढ़ आदिवासी बस्ती में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय इमझेरा में सचिव दिनेश कुमार सेन द्वारा बालदिवस के अवसर पर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

जिसमे बच्चों की शैक्षणिक मूल्यांकन कर उत्कृष्ट बच्चों को थ्री इन वन नोटबुक व पेंसिल किट प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही छात्र छात्राओं की अलग अलग दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कराई जिसमे प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया साथ में समस्त बच्चों को चॉकलेट प्रदान की गई। प्रभारी कप्तान सिंह परिहार ने श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ए एन एम भी उपस्थित रही वही शासकीय माध्यमिक विद्यालय ढाकोनी में छात्र छात्राओं की कक्षावार दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जिसमे मुख्य अतिथि रिटायर जिला आयुर्वेदिक डॉक्टर आर पी शर्मा मां हरी सिद्धि हॉस्पिटल ढाकोनी , समिति ब्लॉक अध्यक्ष शालिग्राम सोलंकी की अध्यक्षता में दौड़ प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता कराई जिसमे सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के चरणों में दीप प्रज्वलित किया गया।

तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमे दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, गीत एवं शायरी का वाचन किया सभी बच्चों को टॉफी वितरण की गई। इस दौरान उपस्थित प्रभारी बद्री प्रसाद मेईया, रानी तिवारी गौरव जाटव सोनेराम शर्मा,पार्थ यादव,समिति ब्लॉक अध्यक्ष शालिग्राम सोलंकी उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों संग नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बाल दिवस मनाया

# बच्चों को खिलाया हाथ से भोजन, भावुक हुए मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बाल दिवस के अवसर पर जहां विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रमों की धूम रही, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया व उनकी परिषद ने इस दिन को विशेष रूप से उन बच्चों को समर्पित किया जो मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने पार्षदों के साथ स्थानीय शिव टोरिया पर बाल दिवस मनाया और बच्चों को अपने हाथों से भोजन कराया।

शनिवार को नपा अध्यक्ष मानोरिया, परिषद सदस्यों के साथ सी.डब्ल्यू.एस.एन छात्रावास, जहाँ श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित और बौद्धिक दिव्यांग बच्चे निवास करते हैं। इन विशेष बच्चों को खुशियाँ देने के उद्देश्य से सभी को टोरिया स्थित माधव उद्यान ले जाया गया। यहाँ अध्यक्ष एवं परिषद सदस्यों ने बच्चों के साथ क्रिकेट खेला, खेलकूद किए और हँसी-मजाक में खूब समय बिताया। बच्चों की मुस्कान देखकर सभी भावुक हो उठे। सभी पार्षद साथियों ने बच्चों के साथ क्रिकेट खेला और झूले झूले। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष और पार्षदों ने बच्चों को अपने हाथ से भोजन भी कराया।

अध्यक्ष मानोरिया ने कहा बाल दिवस पर कई जगह कार्यक्रम होते हैं, लेकिन इन बच्चों के साथ शायद ही कोई यह दिन मनाता है। इसलिए हमारी परिषद ने सोचा कि वास्तविक बाल दिवस इन्हीं बच्चों के साथ मनाया जाए। आज इन बच्चों के साथ जो आनंद मिला, वैसा पहले कभी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू की बच्चों के प्रति प्रेम भावना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बच्चों के प्रति दिखाए जाने वाले स्नेह को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरी परिषद ने दिव्यांग बच्चों संग गतिविधियों में हिस्सा लिया और उन्हें प्यार एवं सम्मान का एहसास कराया। दिव्यांग बच्चों की मुस्कुराहट ने इस बाल दिवस को सचमुच खास और यादगार बना दिया। ये बच्चे वास्तव में "स्पेशल" हैं और समाज के लिए प्रेरणा भी। यह पहल न केवल सराहनीय रही, बल्कि यह संदेश भी देती है कि बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि हर बच्चे तक पहुँचने का एक संकल्प है। इस कार्यक्रम मैं वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद विपिन शिवहरे,नपा सी एम ओ विनोद उन्नीथान, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव,धर्मेंद्र रघुवंशी, मोनू रघुवंशी, सतपाल लोधी,गोपालओझा,मनीष धुरेंटे, बीजेपी नेता प्रतापभान सिंह यादव, सलिल त्रिपाठी, मयंक भार्गव, अंकित जैन, निक्की दुआ, सहित नगरपालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

### राजपुर के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में भगवान विरसा मुण्डा की 150वीं जयंती मनाई




**राजपुर।** शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर जिला अशोकनगर में भगवान बिरसा मुंडा का की 150वी जयंती मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए एवं इसके साथ-साथ बाबा साहब के चित्र पर भी पुष्प अर्पित किए गए एवं माल्यापर्ण किया गया।

अतिथि रूप में सरपंच प्रतिनिधि सफीक खान डॉक्टर अरविंद रघुवंशी चैकी प्रभारी मंड्रेएवं प्राचार्य दयाराम मौर्य के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला गया और साथ में ही संजय बिजोले एवं मुनेश करैया ने भी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों को भगवान बिरसा मुंडा कौन थे और उन्होंने स्वतंत्रता में किस प्रकार से भाग लिया था और उन्होंने हमें आजाद करने के लिए क्या-क्या किया इन सब पर प्रकाश डाला गया। इसमें कक्षा 9 से लेकर के 12 तक के सभी बच्चे सम्मिलित हुए और साथ में समस्त स्टाफ जिसमें सीएससी कृष्णभान सिंह यादव एवं नीलम यादव के साथ अमर सिंह निगम सर जितेंद्र जाटव सविता मौर्या ऋचा जैन सुनीता शर्मा,नीतू चारी मैडम प्रियंका पूनम उपाध्याय राजेश्वरी शर्मा अंजू खेड़ा मनीष प्रजापति अतर सिंह जाटव नीलम सिंह लोढ़ा नीरज खटीक भी उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा जयंती पर मोगिया गौंड आदिवासी समाज का जिले भर में हुए आयोजन

# हाथों में तीर-कमान लेकर नाचते गाते निकाला भव्य चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़

आदिवासी समाज के आराध्य भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मप्र मोगिया गौंड आदिवासी समाज के तत्वावधान में मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले भर से आए समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष, युवा, बच्चे स्थानीय मंगल भवन में एकत्रित हुए जहां से दोपहर में भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मोत्सव को पर्व की तरह मनाते हुए चल-समारोह में साथ चल रहे समाजजन हाथों में तीर-कमान इत्यादि लेकर चल रहे थे। मंगल भवन से आरंभ हुआ यह जुलूस पोस्ट ऑफिस रोड, एसपी बंगला रोड, जेल रोड, मेन मार्केट से होते हुए पुनः मंगल भवन पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा चल-समारोह में शामिल प्रबुद्धजनों का पुष्पवर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। चल-समारोह के गंतव्य पर पहुंचने पर एक आमसभा आयोजित की गई।

### समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर दिया जोर

मंगल भवन में आयोजित सभा के दौरान वरिष्ठजनों द्वारा समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों के उन्मूलन एवं शिक्षा पर जोर देने की बात कही। इस दौरान समाजजनों ने कहा कि हमें एकजुट होकर रहना होगा और कभी किसी परिवार पर कोई दिक्कत या परेशानी आए तो पूरा समाज एकजुटता के साथ उसके साथ खड़ा रहेगा। सभा के उपरान्त दरियाव सिंह सौलंकी एवं सीमा कृष्णपाल सिंह सौलंकी द्वारा सभी समाजजनों के लिए सहभोज आयोजित करवाया गया।

### बिरसा मुंडा जयंती पर निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

ब्यावरा में भी बिरसा मुंडा की जयंति के उपलक्ष में ग्राम पंचायत पीपल हेला में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन भोपाल सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया, जिसमें 90 लोगों की आँखों की जांच की गई। जिसमें मतियाबिन ऑपरेशन के लिए भोपाल सेवा सदन रेफेर किया गया। इस जनसेवा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। सरपंच रामचंद्र नागर, मंत्री रामप्रसाद कारपेंटर एवं सचिव सुनील कुमार नागर ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आँखों की जांच कराई। डॉक्टरों ने आँखों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपचार संबंधी जानकारी, सावधानियां तथा आगे की चिकित्सा प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। इस नेत्र शिविर ने बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम पंचायत में जनजागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा का उत्कृष्ट संदेश दिया, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की। इस मौके पर समाज सेवी संस्था खुशियों का ओटला की टीम ने अहम योगदान दिया, संस्था के संचालक डॉ सुरजीत सिंह, काजल सिंह, डॉ धर्मेंद्र यादव, मोहन दांगी,पायल राधिका जाटव सोनम खान, सुष्मिता देव, कनक हर्षिता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जन अभियान परिषद ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस



सारंगपुर में महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद द्वारा सारंगपुर तहसील के ग्राम लोठिया में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बद्रीलाल बामनिया, ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में लोकेश नाहर , विजय बना, सियाराम पाटीदार सिद्धनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि बामनिया ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने कम उम्र में अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने ईसाई मिशनरियों द्वारा किए जा रहे जबरन धर्मांतरण का विरोध किया और शिक्षा काल में ही स्कूल छोड़ कर अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया। उनके संघर्ष से भयभीत होकर अंग्रेजी शासन ने उन्हें झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया, जहां अत्याचारों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बिरसा मुंडा जी के विचारों और साहस से प्रेरणा लेकर समाज निर्माण, एकता और राष्ट्रहित के कार्यों में आगे आएं।

## अभियोजन के सबूतों पर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

# रंजिशन घर में आग लगाने वाले दोषियों को 3 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

साल 2024 में कालीपीठ थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम सेमलाबे में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के मकान में आग लगाने वाले 3 दोषियों को कोर्ट ने तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों दोषियों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। अभियान पक्ष द्वारा प्रस्तुत सबूतों, गवाह एवं बयानों के आधार पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है।

### क्या था पूरा मामला

लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि मार्च 2024 में सेमलाबे ग्राम निवासी मनोहरबाई ने रिपोर्ट लिखवाई की रात्रि में वे अपनी सास के साथ घर में सो रही थीं। तभी अचानक प्रेमसिंह पिता घुलीलाल, रतनलाल पिता धुलीलाल निवासी भियांपुरा एवं बबलू पिता लालसिंह निवासी सेमलाबे आए। अभियुक्तों के हाथ में केरोसीन की कैन थी। फरियादी मनोहरबाई अचानक जागी और पूछा कि हमारे घर क्यों आए हो। इस पर उन्होंने कहा कि तुमने हमारी रिपोर्ट थाने में की है, अब उसकी सजा भुगतनी पड़ेगी। पहले तीनों अभियुक्तों ने घर के पास पड़े घांस में आग लगाई और उसके बाद टापरीनुमा घर को आग के हवाले कर दिया। घटना में मकान का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत से जनहानि होने से बच गई। घटना के बाद फरियादिया मनोहरबाई ने कालीपीठ थाने पहुंचकर तीनों अभियुक्तों पर एफआईआर दर्ज करवाई। न्यायालय में चालान प्रस्तुत होने पर अभियोजन पक्ष के गवाहों, बयानों, सबूतों इत्यादि के आधार पर गत दिवस सत्र न्यायाधीश ने तीनों दोषियों प्रेमसिंह, रतनलाल एवं बबलू को 3-3 साल के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया है।

## समाजोत्थान व कुरीतियों के उन्मूलन के लिए दांगी समाज की बैठक आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

समाज में फैल रही कुरीतियों को समाप्त करने, युवा शक्ति को संगठित करने और दांगी समाज के समग्र उत्थान के उद्देश्य से दांगी समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को राजगढ़ ब्लॉक में आयोजित की जा रही है। यह बैठक स्थानीय खुजनेर रोड पर दांगी समाज की प्रस्तावित धर्मशाला स्थल पर आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिलेभर के सामाजिक युवा प्रतिनिधि, वरिष्ठ जन और सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इसके पूर्व प्रस्तावित धर्मशाला स्थल से पूर्व सैनिकों द्वारा शौर्य यात्रा निकाली जाएगी जो खिलचीपुर नाका से बायपास होते मुख्य बाजार, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल रोड, खिलचीपुर नाका होते हुए धर्मशाला स्थल पहुंचेगी जहां सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में धर्मशाला निर्माण के साथ सामाजिक कुरीतियों जिसमें बाल सगाई, बाल विवाह मुक्त समाज, झगड़ा-कुप्रथा मुक्त समुदाय सहित नुक्ता ओर शैक्षणिक स्तर में ओर बेहतर प्रबंधन पर चर्चा होगी। बैठक में दांगी क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी सहित जिला और प्रदेश के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## कायस्थ समाज उत्थान पर प्रकाश डाला

**कुरावर।** नगर में अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद मध्य प्रदेश द्वारा सामाजिक उत्थान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हेमलता सक्सेना रहीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अरुण सक्सेना की। कार्यक्रम कि शुरुआत भगवान चित्रांश की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई मुख्य अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष विनोद सक्सेना एवं सुधा सक्सेना ने पगड़ी पहनाकर फूल माला व श्रीफल भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील सक्सेना प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। जिसमें सभी कायस्थ समाज बंधुओ ने समाज उत्थान पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अशोक सक्सेना प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, अजय सक्सेना प्रदेश प्रभारी एवं सुनील सक्सेना प्रदेश उपाध्यक्ष, जगदीश सक्सेना प्रदेश सचिव, नरेंद्र लाला प्रदेश कार्यकारी सदस्य, राजेश सक्सेना युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र सक्सेना शुजालपुर संभागीय संगठन मंत्री आदि समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिकायत के बाद भी नहीं ले रहे सुध

# फूटी पाइप लाइन से बह रहा पानी, वार्डवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर



सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर नल जल योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए नल के कनेक्शन दिए गए हैं। वहीं दूसरी और नल जल को अधिक से अधिक सुरक्षित करने के लिए हर साल करोड़ों रुपए जल संचयन योजनाओं पर खर्च किए जा रहे हैं, इसके बावजूद जगह -जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। वार्ड 10 गायत्री कॉलोनी महेश पिपलोटिय गली में एवं महारानी लक्ष्मी रोड खातीं कुण्डी गली मोड़ पर टूटी पाइप लाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़कों एवं नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है। गायत्री कॉलोनी में वार्ड वासियों महेश पीपलोटिया एडवोकेट आदि ने बताया कि यह पाइपलाइन पिछले 6 माह से लिंकेज पड़ी है। नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी एवं पार्षद से मौखिक रूप से अवगत भी कराया परंतु कोई ध्यान नहीं दे रहा हैं। महारानी लक्ष्मी रोड खातीं कुण्डी मोड़ पर भी दो महीने से पाइप लाइन में छेद होने से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। आने-जाने वाले स्कूली बच्चों एवं आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से गुजरने वाले टू व्हीलर, फोरविलर वाहनों के पहियों से उछल कर गिरने वाले गन्दे पानी से विवाद की स्थिति बनी रहती है ओर आने- जाने वाले स्कूल के बच्चे व लोग नगर परिषद को कोसते हुए निकलते हैं।

### इनका कहना है...

जल्दी ही क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को सुधारा जाएगा।

देवेंद्र वत्स, नपा सीएमओ

# गणेश चौक के समीप शिव - परिवार मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन संपन्न



**राजगढ़।** स्थानीय मुक्तिधाम मार्ग स्थित गणेश चौक पर आगामी दिनों में भव्य अष्टमुखी शिव परिवार मंदिर बनकर तैयार होगा।

रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्य संपन्न करवाया गया। स्थानीय श्रृद्धालुओं ने इस कदम को एतिहासिक बताते हुए कहा कि अष्टमुखी शिव परिवार मंदिर नगर के धार्मिक महत्व एवं सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाएगा। मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि सभी की सामुहिक देखरेख में मंदिर का निर्माण कार्य करवाया जाएगा जिसमें भगवान की सुंदरतम, स्थापत्य कला से परिपूर्ण मनोहारी प्रतिमाएं विराजित करवाई जाएंगी। शिव ध्वजा को आसमान में लहराते हुए मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। भूमिपूजन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, हिन्दू चेतना मंच अध्यक्ष बृजमोहन सरावत, अनिल वाल्मीकि, सुधीर वर्मा, राहुल जोशी, सतीश बाथम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जया जायसवाल महिला क्लब की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनीं

**राजगढ़।** जायसवाल महिला क्लब की राष्ट्रीय अध्यक्ष निला उत्तम सुहालका ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति उपरान्त राजगढ़ की समाजसेवी जया जायसवाल को क्लब के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जया द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए समाज को संगठित करने एवं महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें यह नियुक्ति प्रदान की गई है। उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर समाजजनों, इष्टमित्रों सहित अन्य ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## उत्साह पूर्वक मनाया गया जनजाति गौरव दिवस



**कुरावर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में श्री गुरुजी सेवा समिति कुरावर द्वारा लर्निंग टेंपल स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के विकासखंड समाज में खजान सिंह ठाकुर द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि के रूप में जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ एमपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण सक्सेना के साथ नगर पालिका परिषद सीएमओ एवं अन्य वरिष्ठ जनों के साथ स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात वक्ताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा और उनके भारतीय इतिहास में अमूल्य योगदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर हर्षो उल्लास के साथ जनजाति गौरव दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम पश्चात स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा तरह-तरह के व्यंजनों की दुकान लगाई गई जिसका भी अवलोकन कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि गणों ने किया।

## सेवा दिवस पर विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर वितरण



**नरसिंहगढ़।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को सेवा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर वितरण किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि विधायक मोहन शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य बीडी सक्सेना ने जूनियर रेड क्रॉस के तत्वावधान में आयोजित सेवा दिवस कार्यक्रम की जानकारी दी तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। पहले चरण में 100 स्वेटरों का वितरण हुआ। इस दौरान विधायक ने विद्यालय परिवार के इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी प्रयास की सराहना की। साथ ही आश्वासन दिया कि शेष विद्यार्थियों के लिए स्वेटर वितरण हेतु वे स्वयं भी आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने एवं अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने का संदेश दिया और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। जूनियर रेड क्रॉस प्रभारी नर्मदा प्रसाद करनोदिया ने संगठन के उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं विद्यार्थियों को रेड क्रॉस की प्रतिज्ञा भी दिलवाई।

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ के तत्वावधान में 8वीं निशुल्क तीर्थ यात्रा हुई रवाना

## गुरुद्वारा साहिब से निकली बस, मां शारदा मैहर व बागेश्वर धाम पहुंचेंगे यात्री



**सारंगपुर।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के तत्वावधान में स्व. यशवंतसिंह अरोरा की स्मृति में उनके पुत्र प्रमोद अरोरा के सहयोग से सामाजिक समरसता के उद्देश्य से 8वीं निःशुल्क तीर्थ यात्रा शनिवार को नगर के गुरुद्वारा साहिब से धूमधाम के साथ रवाना हुई। यात्रा में 51 तीर्थ यात्री शामिल हुए। गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में यात्रा की सफलता एवं सकुशलता के लिए अरदास की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, लक्ष्मी नारायण चौहान, डॉ. ध्रुव भल्ला, संभाग उपाध्यक्ष व यात्रा संयोजक धर्मेंद्र वर्मा, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, शिव सिंह चौहान, प्रकाश दुबे, विष्णु प्रसाद जोशी, ओम पुष्पद, भावना निलेश वर्मा, अनिल पांडे सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। यात्रा संयोजक धर्मेंद्र वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं बाबा बागेश्वर धाम के चित्र से सम्मान किया गया। ढोल-ढमाकों के बीच तीर्थयात्री जुलूस के रूप में गुरुद्वारा साहिब से निकले और महाराणा प्रताप चौराहा, नया बस स्टैंड, महात्मा फुले चौराहा, पुराना हाईवे होते हुए साईं मंदिर पहुंचे। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। साईं मंदिर पर अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर बस को मैहर स्थित मां शारदा मंदिर एवं बागेश्वर धाम के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में अतुल सक्सेना, ओम प्रकाश सोलंकी, गुरुचरण गोड, गुंजन सोनी, गणेश प्रसाद शर्मा, श्याम कारपेंटर, जितेंद्र सोलंकी, रमेश चन्द्र गुजरिया, रामचंद्र पुष्पद, शिवनारायण पुष्पद सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष तीर्थयात्री उपस्थित रहे।

## विद्या भारती ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया

# महिलाओं की भूमिका व पारिवारिक मूल्यों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा





स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा में शनिवार को विद्या भारती के नेतृत्व में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समाज, परिवार और राष्ट्र निर्माण में महिला शक्ति की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष राधा गुर्जर उपस्थित रहीं। वहीं विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य बबीता मिश्रा और वर्षा मंगल ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा शामिल रहीं, जिन्होंने सप्तशक्ति जागरण विषय पर प्रभावशाली संबोधन दिया।

निवेदिता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के विकास एवं सभ्यता के निर्माण में महिलाओं का योगदान सदैव अग्रणी रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश की जीडीपी में महिलाओं की भागीदारी लगभग 17 प्रतिशत है, जिसे और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही महिलाएं शिक्षा, नीति, संस्कृति और परिवार को स्थिरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई हैं। विशेष अतिथि प्राचार्य बबीता मिश्रा ने संयुक्त परिवार व्यवस्था और भारतीय पारिवारिक मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती व्यक्तिगत प्रवृत्तियों के कारण संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे समय में परिवार को एकजुट रखने और बच्चों में सांस्कृतिक मूल्य स्थापित करने की जिम्मेदारी महिलाओं पर और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपनी भूमिका को सशक्त रूप में निभाते हुए समाजिक एकजुटता में योगदान दें। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वेद, पुराण, रामायण और महाभारत से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस प्रकार सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक कदम साबित हुआ, बल्कि समाज एवं परिवार में उनके योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका को पुनः रेखांकित भी करता है।